आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 09 मई 2026, समय 18:10

मुख्य समाचार :-

1. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पश्चिम बंगाल में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए, कहा - केंद्र और राज्य मिलकर देश को विकसित राष्ट्र बनाने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे ।

2. हरियाणा में नगर निकाय चुनाव के लिए मतदान कल सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक होगा।

3. हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव गौरव कुमार ने कहा - सभी मतदाताओं को वोटर पर्ची वितरित की गई।

4. हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा ने जींद की अधिकृत कॉलोनियों मे सीवरेज लाइन बिछाने और गलियों के निर्माण का काम प्राथमिकता के आधार पर करने का आश्वासन दिया।

5. भिवानी सहित हरियाणा के विभिन्न जिलों मे राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन कर कई मामले आपसी सहमति से निपटाए गए।

---

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज पश्चिम बंगाल में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने पश्चिम बंगाल के नवनियुक्त मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी व बंगाल की जनता को बधाई दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह जीत वर्ष 2047 के विकसित भारत के संकल्प की जीत है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने विकास, राष्ट्रहित और सुशासन के पक्ष में अपना समर्थन दिया है। नए नेतृत्व के साथ, नेताजी सुभाष चंद्र बोस और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की ऐतिहासिक धरा पश्चिम बंगाल देश को नई दिशा देने का कार्य करेगी।

उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नई सरकार प्रदेश के विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित करेगी।

मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि केंद्र और राज्य मिलकर विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करेंगे।

------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा में नगर निकाय चुनाव को लेकर आज पोलिंग पार्टियों को ईवीएम वितरित की गई। पंचकूला में सेक्टर 14 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में के महापौर व सदस्य के चुनाव के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीने और अन्य सामग्री वितरित की गई।

पंचकूला के उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सतपाल शर्मा ने बताया कि मतदान के लिए 20 वार्डों में कुल 204 बूथ स्थापित किए गए हैं। प्रत्येक बूथ पर 2 ईवीएम मशीने लगाई जाएगी, जिनमें से एक महापौर के चुनाव के लिए और दूसरी नगर निगम सदस्य के चुनाव के लिए होगी।

श्री शर्मा ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी, शांतिपूर्ण और समयबद्ध ढंग से संपन्न कराने के लिए वार्ड-वार ड्यूटी मजिस्ट्रेट और सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

आज जो भी कर्मचारी ड्यूटी से नदारद रहे हैं उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई के साथ साथ एफआईआर भी की जाएगी।पंचकुला पुलिस की उपायुक्त सृष्टि गुप्ता ने बताया कि चुनाव को लेकर सुरक्षा के कड़ी प्रबंध किए गए हैं।

उन्होंने उम्मीदवारों से आह्वान किया कि वे आदर्श आचार संहिता का दृढ़ता से पालन करें तथा चुनावों को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने में प्रशासन का सहयोग करें।

------------------------------------------------------------------------------------------

कल होने वाले नगर निगम चुनाव के दृष्टिगत आज अंबाला के ओपीएस विद्या मंदिर स्कूल में पोलिंग पार्टियों को चुनाव संबंधी सामग्री प्रदान की गई।रिटर्निंग अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त विराट ने बताया कि आज पोलिंग पार्टियों को ईवीएम मशीनों के साथ-साथ चुनाव संबधी अन्य सभी सामग्री दी गई। पोलिंग पार्टियों व चुनाव से जुड़े अधिकारियों को तमाम चुनाव प्रक्रिया के बारे में एक बार फिर विस्तार से बताया गया ताकि वे मतदान के कार्य को पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ संपन्न करवा सकें। मतदान के बाद पोलिंग

पार्टियों को ईवीएम मशीनें इसी काउंटर पर आकर जमा करवानी होंगी।मतदान 8 बजे शुरू होगा और सांय 6 बजे तक चलेगा। इससे पहले राज्य चुनाव आयोग की हिदायतों अनुसार प्रात:: 7 बजे मॉक पोल भी होगी।

---

फरीदाबाद जिले में कल होने वाले पंचायत उपचुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन फरीदाबाद ने गांव शाहुपुरा खादर, ब्लॉक तिगांव में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। जिला मजिस्ट्रेट एवं उपायुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि मतदान केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में पांच या अधिक लोगों के एकत्र होने पर प्रतिबंध रहेगा। यह आदेश मतदान प्रक्रिया पूरी होने तक प्रभावी रहेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना या शांति भंग करने की कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

----------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव गौरव कुमार ने कहा है नगर निगम, नगर परिषद एवं नगर पालिका चुनावों में मतदाताओं की सुविधा तथा अधिकतम मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सभी मतदाताओं को वोटर पर्ची वितरित की गई हैं। हरियाणा में स्थानीय निकाय चुनावों में पहली बार यह व्यवस्था लागू की गई है।

उन्होंने बताया कि चिन्हित मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के सत्यापन एवं पहचान सुनिश्चित करने के लिए सभी उपायुक्तों को माइक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त करने के निर्देश दिए गए हैं। मतदान के दौरान मतदाताओं को अपना वोटर कार्ड अथवा राज्य निर्वाचन आयोग, हरियाणा द्वारा निर्धारित अन्य कोई वैध पहचान पत्र साथ लाना होगा।

श्री गौरव कुमार ने बताया कि सभी उपायुक्तों को दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों एवं महिला मतदाताओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने और सभी मतदान केंद्रों पर सहायता बूथ तथा पेयजल जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए हैं।

----------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा ने जींद वासियों को आश्वासन दिया है कि जिन कॉलोनियों को सरकार द्वारा अधिकृत किया जा चुका है, उनमें सीवरेज लाइन बिछाने और गलियों के निर्माण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।

वे आज जींद में 'जनता दरबार' लगाकर आमजन की समस्याएं सुनने के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे।मीडिया से बातचीत में डॉ. कृष्ण मिड्ढा ने बताया कि जनता दरबार में सबसे अधिक शिकायतें सीवरेज और फैमिली आईडी से संबंधित आईं।

उन्होंने शहर में सफाई व्यवस्था को लेकर चल रही खींचतान पर कहा कि जल्द ही बातचीत के जरिए समाधान निकाल लिया जाएगा और शहर की सफाई व्यवस्था दुरुस्त होगी।नौकरियों के संदर्भ में पूछे गए सवाल पर डॉ. मिड्ढा ने स्पष्ट कहा, "प्रदेश सरकार की नीति पूरी तरह पारदर्शी है। आज गरीब से गरीब परिवार का बच्चा भी अपनी मेहनत और योग्यता के दम पर सरकारी नौकरी पा रहा है।

---------------------------------------------------------------------------------------------

भिवानी सहित हरियाणा के विभिन्न जिलों में आज इस वर्ष की दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत लगाई गई। भिवानी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पवन कुमार ने बताया कि जिला मुख्यालय के अलावा तोशाम, सिवानी व लोहारू न्यायिक परिसर में लगाई गई लोक अदालत में आपराधिक मोटर वाहन दुर्घटना, पारिवारिक मामले, चालान, बैंक ऋण, दीवानी मामले, चेक बाउंस, राजस्व आदि से संबंधित मामले रखे गए। भिवानी की लोक अदालत में रखे गए कुल 27 हजार 173 में से 11 हजार 476 मामलों का निपटारा गया तथा 3 करोड़ 87 लाख 57 हजार 457 रुपये की राशि का निपटान किया गया। जबकि कि लोहारू में 70 में से 43, तोशाम में 72 में से 29, सिवानी में 65 में से 37 मामलों का मौके पर ही निपटारा किया गया।

---------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं का एक जत्था आज तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब के दर्शन के लिए पहुँच गया। श्रद्धालुओं के नांदेड़ साहिब पहुँचने पर नांदेड़ साहिब गुरुद्वारा बोर्ड के प्रशासक डा विजय सतबीर सिंह ने कहा कि इस योजना से संगत को गुरुओं की कुर्बानी, सिख इतिहास और देश की प्राचीन धार्मिक विरासत को जानने का अवसर मिला है।

---------------------------------------------------------------------------------------------